दिनांकः 01.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- तीन नये आपराधिक कानून आज से लागू–न्याय प्रणाली होगी सुगम।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–ईआरसीपी से राजस्थान और मध्यप्रदेश के विकास के लिए स्वर्णिम युग का उदय होगा।
- प्रदेश में स्टॉप डायरिया अभियान शुरू–31 अगस्त तक चलने वाले अभियान में दस्त संबंधी बीमारियों की, की जाएगी प्रभावी रोकथाम।
- प्रदेश के सरिस्का और रणथम्भौर राष्ट्रीय अभ्यारण्यों में आज से तीन महीने के लिए पर्यटन गतिविधियां बंद।

000

तीन नये आपराधिक कानून–भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 आज से लागू हो गये हैं। इन कानूनों से न्याय प्रणाली सुगम होगी। एफआईआर से लेकर अदालत के निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी। ये कानून 'तारीख–पे–तारीख' के चलन की समाप्ति सुनिश्चित करेंगे और देश में एक ऐसी न्यायिक प्रणाली स्थापित होगी, जिसके जरिए तीन वर्षों के भीतर न्याय मिल सकेगा।
केन्द्र सरकार ने नये कानूनों को लेकर राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें की हैं और वे नये कानूनों को लागू करने से संबंधित प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण और जागरूकता सृजन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नये कानूनों के बारे में पुलिस और जांच प्राधिकरणों को समुचित प्रशिक्षण दिया गया है।
इस संबंध में पुलिस और जांच अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। दूरदर्शन और आकाशवाणी के समाचार बुलेटिनों, कार्यक्रमों, चर्चाओं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से इस विषय पर गहन चर्चाएं और विश्लेषण किए गए हैं। जन–जागरुकता अभियान, संवाद कार्यक्रम, सूचनात्मक वेबसाइट्स और मंत्री स्तरीय वेबीनारों का आयोजन भी किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय और उच्च शैक्षणिक संस्था्नों में पाठ्यक्रम मॉड्यूल को अनिवार्य रूप से शामिल भी किया गया। नए आपराधिक कानूनों में जांच, मुकदमे और अदालती कार्रवाई में प्रौद्योगिकी पर जोर दिया गया है। इसके लिए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो–एन.सी.आर.बी ने मौजूदा अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और प्रणालियों में 23 संशोधन किए हैं।
इन कानूनों की शुरूआत के साथ सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में प्रत्येक पुलिस थाना प्रभारी द्वारा भी एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें नए आपराधिक कानूनों की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला जाएगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि पार्वती–कालीसिंध–चम्बल लिंक परियोजना–ईआरसीपी से राजस्थान और मध्यप्रदेश के विकास के लिए स्वर्णिम युग का उदय होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान के 21 जिलों के साथ ही मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों को भी पेयजल और सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। यह परियोजना किसानों की समृद्धि और प्रदेश की उन्नति की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। श्री शर्मा कल भोपाल में पार्वती–कालीसिंध–चम्बल अन्तर्राज्यीय नदी लिंक परियोजना के क्रियान्वयन के लिए संयुक्त पहल आयोजन को सम्बोधित कर रहे थे। 72 हजार करोड़ रुपये की इस परियोजना के लिए राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में कल भोपाल में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।

इधर, मुख्यमंत्री आज कोटपूतली–बहरोड़ जिले के भाकरी गांव में ईआरसीपी योजना में जिले के तीन प्रमुख बांधों को जोड़ने पर आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक और सांसद भी मौजूद रहेंगे।

000

आज राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस है। स्वतंत्रता सेनानी, महान चिकित्सक और "भारत रत्न" से सम्मानित डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती पर ये दिन मनाया जाता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया संदेश सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में डॉक्टर्स की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। डॉक्टर्स डे पर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पाली के राजकीय बांगड़ अस्पताल में श्रेष्ठ कार्य करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया जाएगा।

आज चार्टर्ड अकाउंटेट दिवस भी है। मुख्यमंत्री ने अपने बधाई संदेश में कहा कि राष्ट्र निर्माण और अर्थव्यवस्था की प्रगति में चार्टर्ड अकाउंटेट्स की महत्वपूर्ण भूमिका है।

000

प्रदेश में आज से स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जा रहा है। दस्त संबंधी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए इस अभियान की शुरूआत की गयी है। 31 अगस्त तक चलने वाले अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर–घर जाकर 5 साल तक के बच्चों को दस्त से बचाव के लिए ओआरएस पैकेट और जिंक की गोलियां वितरित करेंगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि इसके अलावा सभी चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ओआरएस जिंक कॉर्नर संचालित किए जाएंगे, जहां आमजन को दस्त से बचाव और उपचार की जानकारी दी जाएगी। साथ ही, स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल 'स्टॉप डायरिया अभियान' सहित 'राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान' और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 'आभा आईडी बनाओ' अभियान की शुरूआत की थी। पल्स पोलियो अभियान के तहत पहले दिन प्रदेशभर में बूथों पर पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गयी। दवा पीने से वंचित रहे बच्चों को स्वास्थ्यकर्मी आज और कल घर–घर जाकर दवा पिलाएंगे।

000

प्रदेश के सरिस्का और रणथम्भौर राष्ट्रीय अभ्यारण्यों में आज से पर्यटन गतिविधियां बंद रहेंगी। रणथम्भौर के मुख्य जोन एक से पांच में पर्यटक तीन महीने तक भ्रमण नहीं कर सकेंगे। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि रणथम्भौर के बाहरी जोन 6 से 10 में वर्षाकाल के दौरान भी पर्यटन गतिविधियां जारी रहेंगी।

000

मानसून सीजन में बारिश के कारण रास्तों के खराब होने और बाघों और अन्य वन्यजीवों का ब्रीडिंग समय होने के कारण हर साल टाइगर रिजर्व को बारिश के दौरान तीन महीने के लिए बंद कर दिया जाता है। सरिस्का में पर्यटकों के लिए बंद के दौरान एक जोन खुला रखा जाता है। इसमें टहला और सदर गेट से पांडुपोल तक पर्यटक जा सकते हैं।

000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में जयपुर सहित कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। चूरू में 2 इंच बारिश हुई। इसके अलावा जयपुर, वनस्थली, अलवर, डूंगरपुर, माउंट आबू, बारां, श्रीगंगानगर, करौली, दौसा और भरतपुर सहित कुछ शहरों में पानी बरसा। धौलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां कई स्थानों पर तेज बरसात से निचले इलाकों में पानी भर गया।

000

मौसम विभाग ने आगामी 4–5 दिनों में पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में भारी बारिश तथा कहीं कहीं पर अति भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। इस बीच, कल सर्वाधिक 41 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में दर्ज किया गया।

000